Under CSR Support by ipca | Foundation missiongyan

अध्याय – 6 | नियंत्रण एवं समन्वय

QUIZ PART-04

1. **पौधों में प्रकाशानुवर्तन गति किस दिशा में होती है?**
   A. जड़ की ओर B. प्ररोह के शीर्ष की ओर
   C. तने के आधार की ओर
   D. किसी विशेष दिशा में नहीं (B)

व्याख्या : प्रकाशानुवर्तन गति में प्ररोह का शीर्ष भाग प्रकाश की दिशा में बढ़ता है, जिससे धनात्मक अनुवर्तन स्पष्ट होता है।

2. **छुई-मुई पौधे की पत्तियों की गति किस प्रकार की होती है?**
   A. अनुवर्तन गति B. वृद्धि आधारित गति
   C. वृद्धि से मुक्त त्वरित गति D. प्रकाशानुवर्तन गति (C)

व्याख्या : छुई-मुई की प्रतिक्रिया तत्काल होती है और यह वृद्धि पर आधारित नहीं होती, इसलिए इसे वृद्धि से मुक्त त्वरित गति माना जाता है।

3. **रसायनानुवर्तन गति का एक उदाहरण क्या है?**
   A. प्रकाश की ओर गति
   B. परागनलिका की बीजाण्ड की ओर गति
   C. जड़ की गुरुत्वाकर्षण की ओर गति
   D. जल की ओर गति (B)

व्याख्या : परागनलिका बीजाण्ड की ओर रासायनिक संकेतों के कारण बढ़ती है, यह रसायनानुवर्तन गति का उदाहरण है।

4. **साइटोकाइनेटिन हार्मोन किस प्रक्रिया में सहायक होता है?**
   A. कोषों की लंबाई में वृद्धि B. कोशिका विभाजन
   C. पत्तियों का मुरझाना D. पुष्पन (B)

व्याख्या : साइटोकाइनेटिन हार्मोन कोशिका विभाजन को प्रेरित करता है, खासकर कलिकाओं और फलों में।

5. **जड़ में कौन सा अनुवर्तन देखा जाता है?**
   A. ऋणात्मक प्रकाशानुवर्तन B. धनात्मक गुरुत्वानुवर्तन
   C. ऋणात्मक रसायनानुवर्तन
   D. धनात्मक प्रकाशानुवर्तन (B)

व्याख्या : जड़ें गुरुत्वाकर्षण की दिशा में बढ़ती हैं, जिससे यह धनात्मक गुरुत्वानुवर्तन होता है।

6. **ऑक्सिन हार्मोन कहाँ संश्लेषित होता है?**
   A. पत्तियों में B. जड़ के अग्रभाग में
   C. प्ररोह के अग्रभाग (टिप) में D. फल में (C)

व्याख्या : ऑक्सिन हार्मोन मुख्य रूप से प्ररोह के अग्रभाग में बनता है और कोशिकाओं की लंबाई में वृद्धि करता है।

7. **जलानुवर्तन किस प्रकार की गति है?**
   A. प्रकाश की दिशा में गति
   B. गुरुत्व की दिशा में गति
   C. जल की दिशा में गति
   D. रासायनिक पदार्थों की दिशा में गति (C)

व्याख्या : जलानुवर्तन गति में पौधे की जड़ें जल की ओर बढ़ती हैं।

8. **ऐब्सिसिक एसिड का कार्य क्या है?**
   A. कोशिका विभाजन को बढ़ाना
   B. पुष्पन को बढ़ावा देना
   C. वृद्धि को रोकना और पत्तियों का मुरझाना
   D. बीज अंकुरण को तेज करना (C)

व्याख्या : ऐब्सिसिक एसिड वृद्धि को सीमित करता है और यह तनाव की स्थिति में पत्तियों के मुरझाने में सहायक होता है।

9. **निम्न में से कौन-सा पादप हार्मोन वृद्धि को बढ़ाता है?**
   A. ऐब्सिसिक एसिड B. ऑक्सिन
   C. साइटोकाइनेटिन D. एथिलीन (B)

व्याख्या : ऑक्सिन कोशिकाओं की लंबाई में वृद्धि करता है और वृद्धि को बढ़ावा देता है।

10. **प्रकाशानुवर्तन गति को नियंत्रित करने वाला हार्मोन कौन सा है?**
   A. साइटोकाइनेटिन B. जिबरेलिन
   C. ऑक्सिन D. ऐब्सिसिक एसिड (C)

व्याख्या : प्रकाश की दिशा में प्ररोह की वृद्धि ऑक्सिन हार्मोन द्वारा नियंत्रित होती है।

मिशन ज्ञान जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें! 100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES Download Mission Gyan App